पंजाब केसरी

# झारखंड में नकली शराब फैक्ट्री का पर्दाफाश, बिहार तक फैला था जाल



झारखंड के बोकारो में सब्जी के कारोबार की आड़ में चल रही एक बड़ी नकली विदेशी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। यहां तैयार शराब की खेप बिहार के कई जिलों में भेजी जाती थी। पुलिस अधीक्षक ने इस संबंध में मिली गुप्त सूचना के आधार पर एक विशेष टीम गठित की। इस टीम ने रविवार को कमलडीह में सब्जी कारोबारी के ठिकाने पर दबिश दी। मौके से पाउच सीलर मशीन, बोतल कैप सीलिंग मशीन, चार जारकिन केमिकल, दो पेटी खाली बोतलें, लगभग 50 कार्टून, प्लास्टिक ड्रम, और विभिन्न प्रतिष्ठित ब्रांडों के नकली स्टिकर और रैपर बरामद किए गए।

**आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज**

एसडीपीओ पीके सिंह ने बताया कि आरोपी बड़े ही शातिराना तरीके से इस अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे थे। वे गाड़ियों में नीचे शराब की पेटियां रखकर ऊपर से सब्जियां लाद देते थे, ताकि जांच के दौरान किसी को शक न हो। पुलिस ने दर्ज एफआईआर में फैक्ट्री के मुख्य संचालक डब्लू साव सहित छह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। अन्य आरोपियों में अंकित सिंह, श्याम कुमार सिंह, अविनाश कुमार सिंह उर्फ बिड्डू, राहुल मंडल और कुश कुमार शामिल हैं। ये सभी चास थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इनका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है।

Source: https://www.punjabkesari.com/india-news/fake-liquor-factory-busted-in-jharkhand-network-spread-to-bihar/